प्रश्न संख्या–16

सरकारी वैबसाइटों का विवरण
16/02/2023

1. श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):– क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) हरियाणा सरकार की सभी वैबसाइटों का ब्यौरा क्या है तथा उनके रख–रखाव की तकनीकी टीम के प्रभारी के संपर्क का ब्यौरा क्या है ?

(ख) वित्त वर्ष 2022–23 में हरियाणा सरकार की वैबसाइटें कितने घंटे बन्द रही ; तथा

ग) यह सुनिश्चत करने की प्रकिया क्या है कि सरकारी वैबसाइटों पर अधिकारियों के संपर्क ब्यौरे तथा अन्य सूचना में सुधार किया गया है?

उत्तर:–

श्री मनोहर लाल मुख्यमन्त्री हरियाणा

(क) हां, हरियाणा में कुल 378 वैबसाइटें हैं, जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) डेटा केन्द्रों पर होस्ट की गई हरियाणा सरकार की 180 वैबसाइटों का विवरण अनुबंध 'ए' पर संलग्न है ।
2. हारट्रोन द्वारा हरियाणा सरकार की 8 बैबसाइट होस्ट की गई, जिसका विवरण अनुबंध 'बी' में संलग्न है ।
3. हरियाणा राज्य डाटा सेंटर में होस्ट की गई हरियाणा सरकार की 152 वैबसाइटों का विवरण अनुबंध 'सी' में संलग्न है।
4. हरियाणा राज्य डाटा सैंटर के बाहर होस्ट की गई हरियाणा सरकार की 38 वैबसाइटों का विवरण अनुबंध 'डी' में संलग्न है।

(ख) सभी विभागीय वैबसाइटों का रख–रखाव सम्बन्धित विभाग अपने स्तर पर करते हैं और वैबसाईट सामग्री क्लाउड संसाधन और वैबसाइट स्त्रोत कोड आदि की देखभाल संबंधित विभाग करते हैं। वैबसाइट का डाउनटाईम का विवरण उन सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किया जा सकता है ।

(ग) सभी संगठनों को पीपीएन/सीएमएस/एफटीपी का विवरण प्रदान किया जाता है, जिसका उपयोग करके वे वैबसाइटों का अद्यतन/नवीनतम सामग्री को बनाए रख सकते हैं। संबंधित संगठन अपनी वैबसाइटों पर जानकारी अपडेट करते हैं। वैबसाईट पर उपलब्ध जानकारी को अपडेट करने के लिये संबंधित वैबसाइट के तकनीकी अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है, जो कि अपने विभागाध्यक्ष से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत वैबसाइट को अपडेट कर सकता है ।